मध्यप्रदेश शासन
औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग
:: आदेश ::

भोपाल दिनांक 08/07/2022

क्र. एफ 16-02/2021/ए-ग्यारह : राज्य शासन एतद् द्वारा मेसर्स महिन्द्रा एंड महिन्द्रा लि. एवं महिन्द्रा एंड महिन्द्रा लि. की सहायक कम्पनी क्लासिक लीजेण्ड प्रा. लि. द्वारा सह-व्यवस्था अवधारणा (consortium concept) के तहत महिन्द्रा एंड महिन्द्रा लि. की औद्योगिक क्षेत्र पीथमपुर में स्थित विद्यमान इकाई में रूपये 136 करोड़ के स्थाई निवेश से दो पहिया वाहन तथा कृषि मशीनरी/उपकरण निर्माण परियोजना स्थापना हेतु विस्तार/डायवर्सिफिकेशन प्रस्ताव (DIPIP22400) पर निम्नानुसार सुविधायें दिये जाने का निर्णय लिया गया -

1. **निवेश प्रोत्साहन सहायता** - उद्योग संवर्धन नीति 2014 (यथा संशोधित 2021) में प्रावधानित निवेश प्रोत्साहन सहायता परियोजना अन्तर्गत यंत्र-संयंत्र तथा भवन में किये गये निवेश पर 30 प्रतिशत की स्थिर दर से 7 वार्षिक किश्तों में शर्तों के अध्याधीन प्रदान की जाये। परियोजना को योजना अन्तर्गत प्रावधानित निर्यात गणक का लाभ शर्तों के अध्याधीन पृथक से प्राप्त होगा। विस्तार/डायवर्सिफिकेशन परियोजना हेतु रोजगार गणक '1' मान्य किया जाता है।

2. परियोजना को उद्योग संवर्धन नीति, 2014 (यथा संशोधित 2021) अन्तर्गत प्रावधानित अन्य सुविधाओं का लाभ विहित शर्तों के अध्याधीन प्राप्त होगा।

3. परियोजना को स्वीकृत सुविधाओं का लाभ इस शर्त पर प्राप्त होगा कि परियोजना में इस परिप्रेक्ष्य में आदेश जारी होने की दिनांक से, प्रतिबद्ध निवेश के साथ, 3 वर्ष में वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ कर लिया जाये।

4. कंपनी की शेष अन्य मांगों को अमान्य किया जाता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम
से तथा आदेशानुसार

(संजय कुमार शुक्ल)
प्रमुख सचिव
मध्यप्रदेश शासन
औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग

पृ. क्र. एफ 16-02/2021/ए-ग्यारह
भोपाल, दिनांक 08 /07/2022

प्रतिलिपि:-

1. उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन, मुख्य सचिव कार्यालय, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल।
2. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग/वाणिज्यिक कर विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल।
3. आयुक्त, इन्दौर संभाग इन्दौर।
4. कलेक्टर, जिला - धार।
5. प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश इण्डस्ट्रीयल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लि. भोपाल।
6. आथोराइज्ड सिग्नेटरी, मेसर्स महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा लि. प्लाट क्र. 02, इण्डस्ट्रीयल एरिया न. 1 पीथमपुर - 454775 मध्यप्रदेश।

- की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रमुख सचिव
मध्यप्रदेश शासन
औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग